# 'उदैपुर म्हाने घणो हाऊ लाग्यो'



युवा महोत्सव

उदयपुर

udaipur@patrika.com

युवा महोत्सव के समापन मौके पर प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया देने पहुंची गुजरात की छात्रा ने भले ही किसी से लिखवाकर 'उदैपुर म्हाने घणो हाऊ लाग्यो' पंक्ति बोलकर मन के उद्गार व्यक्त किए हों, लेकिन हर युवा का दमकता चेहरा इस बात का मानो हृदय से समर्थन कर रहा था। पांच दिन युवा छात्र-छात्राओं से गुलजार रहे मेजबान सुखाड़िया विश्वविद्यालय के छात्र भी अपने साथियों को विदा करते उदास हो गए। अब युवा महोत्सव में प्रथम व दूसरे स्थान पर रहे विजेता विद्यार्थी ही नागपुर में 22 से 26 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में पुन: मिल सकेंगे।

## 90 फीसदी से ज्यादा अंक

मेजबान विवि व भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से प्रतिभागियों को दी गई सुविधाओं को सर्वे भी करवाया गया। इसमें केवल 10 प्रतिशत प्रतिभागी रुकने के स्थान, 8 प्रतिशत खाने से, 4 प्रतिशत आने-जाने की सुविधा, 2 प्रतिशत आयोजन स्थलों से व 3 प्रतिशत सामान्य मेजबानी से खुश नहीं थे, बाकी सभी ने विवि की सुविधाओं का सराहा।

## हो गए खुश

विवि की फैकल्टी ने हरीसिंह गौड़ ने बताया कि 1989 में उदयपुर विश्वविद्यालय में पश्चिमी क्षेत्र युवा महोत्सव में उनके साथ आशुतोष राणा, मुकेश तिवारी व बॉलीवुड में काम करने वाले अन्य कई कलाकारों ने शिरकत की थी। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि इस युवा महोत्सव से निकले विद्यार्थी भी ऐसे ही नाम रोशन करेंगे तो सभी ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत किया।

## यही मेजबान की महानता

मेजबान मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रतिभागी केवल प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल करने में ही सफल रहे। इसमें कई प्रतियोगिता में सुविवि की टीम दावेदार थी, लेकिन इनाम नहीं मिलने के बाद भी विद्यार्थियों ने किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की। इसकी ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में सुविवि के लोकेश मीणा ने प्रथम व पोस्टर मेकिंग में कार्तिक कंसारा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं वसुधा राठौड़, कीर्ति पंवार, अंकिता सोनी, प्रियदर्शिनी सोनी, भाविनी गोरंगा व अमरजोत कोर की टीम ने माइम में तीसरा स्थान हासिल किया।



उदयपुर में 27वें नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का रंगारंग समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति विकास एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया। समापन के बाद गेस्ट परफॉरमेंस के तहत प्रस्तुति देती वनस्थली विद्यापीठ की छात्राएं।


उदयपुर, शनिवार
10 दिसम्बर 2011
मार्गशीर्ष शुक्ल
पक्ष पूर्णिमा,
संवत् 2068